मन के प्रदूषण (मेंटल पोलूशन) को समाप्त करने से ही हर समस्या का समाधान

(कान्फ्रेन्स में आये हुए प्रतिनिधियों प्रति - ईश्वरीय सन्देश)

परमात्म प्यारी आत्मायें, परमात्म यादप्यार। आज आप सबका शुभ समाचार मिला कि आप सब बुद्धिजन इस शुभ संकल्प से कान्फ्रेन्स करने आये हो कि विश्व में जो भिन्न-भिन्न प्रकार की समस्यायें हैं उनका समाधान करने का प्लैन बनायें। यह तो बहुत अच्छा मानव आत्माओं प्रति और प्रकृति प्रति कल्याण का संकल्प है। यही मर्सीफुल स्वरूप बहुत अच्छा है। उसकी थैंक्स। परन्तु उसके साथ-साथ यह भी सोचने की ज़रूरत है कि इस वातावरण के पोलूशन वा अन्य कोई भी समस्याओं का बीज क्या है? आप सब जानते हो कि इस एक्सटरनल पोलूशन के साथ मूल मनुष्यों के मन और दिमाग का पोलूशन भी काफी सीमा पार कर गया है। इसलिए समाधान के प्लैन वा विधि बहुत अच्छी बनती है, लेकिन वह आधी तो प्लैन तक रह

जाती और मुश्किल से आधी प्रैक्टिकल में आती है, कारण मानव के मन में आजकल वेस्ट थाट्स, निगेटिव थाट्स का बहुत ही फोर्स का पोलूशन होने कारण जो सही समाधान वा विधि है उसके लिए न समय है, न हिम्मत-उमंग आता है, अपने ही टेन्शन अप्राप्तियों और अल्पकाल की इच्छाओं में मूंझे रहते हैं इसलिए यही शुभ संकल्प है कि एकस्टरनल पोलूशन वा अन्य समस्याओं के साथ सूक्ष्म बीज मेंटल पोलूशन के समाधान का भी कोई ठोस प्लैन बनें, जिससे आपका श्रेष्ठ संकल्प विश्व परिवर्तन का प्लैन और प्रैक्टिकल का बैलेन्स हो जाए, यही शुभ संकल्प की ब्लैसिंग आप सबके प्रति है।

उसके साथ बापदादा को मैंने सर्व ब्राह्मण आत्मायें जो विश्व सेवा अर्थ संगठन रूप में साथी बने हैं, उन्हों की याद दी तो बापदादा ने भी बहुत मीठा मुस्कराते दिलाराम ने दिल से यादप्यार दी और बोले, बच्चों में सेवा का उमंग-उत्साह बहुत अच्छा है। दिल से सेवा कर रहे हैं इसको कहते हैं रहमदिल सेवा स्वरूप। जैसे है उमंग-उत्साह वाली जनक, वैसे है सारा ग्रुप। बापदादा सबके नाम तो नहीं लेते लेकिन हर एक बच्चा अपना नाम पहले नम्बर में जान दिलबर के दिल की यादप्यार लेना। साउथ अफ्रीका के चारों ओर के बच्चे भी कम नहीं हैं, बड़ी दिल से सेवा कर आगे बढ़ रहे हैं, बढ़ते रहेंगे। खूब सेवा की खान मिली है। बहुत मन्सा द्वारा, वाणी द्वारा, सम्बन्ध सम्पर्क द्वारा सेवा का चांस लो। बापदादा तो बच्च्चों के साथी कम्बाइन्ड है ही इसलिए खूब आगे बढ़ो। अफ्रीका के सर्व बच्चों को बापदादा सफलता भव की मुबारक दे रहे हैं। सदा सफलता के सितारे उड़ते रहो, उड़ाते रहो। ऐसे सबकी याद देते मैं साकार वतन में पहुंच गई। ओम् शान्ति।